# <u>संदेश-लेखन</u>

सन्देश शब्द की उत्पत्ति संस्कृत भाषा से हुई है जिसका अर्थ है- पैगाम,खबर या समाचार प्राप्त करना| किसी उद्येश्य से मौखिक,लिखित या सांकेतिक महत्वपूर्ण बात को संदेश कहते हैं |

***"जब किसी व्यक्ति या समूह द्वारा किसी दूसरे व्यक्ति या समूह को किसी सूचना,जानकारी या विचारों को लिखित माध्यम से दिया जाता है तो उसे लिखित सन्देश कहते हैं|"***

आज संदेश भेजने के बहुत अच्छे माध्यम व्हाट्स ऐप,मैसेंजर,फेसबुक,ट्विटर,ई.मे,इन्स्टाग्राम आदि सोशल मिडिया प्लेटफार्म है |

<u>**संदेश के प्रकार** –</u>

1. **<u>औपचारिक संदेश-</u>** यह संदेश किसी अधिकारी,किसी कार्यालय के कर्मचारी या आम जनमानस के लिए सार्वजनिक रूप से लिखे जा सकते हैं | यह सार्वजनिक संदेश है | यदि संदेश किसी नेता या अभिनेता द्वारा दिया जाता है तो यह आम लोगों को प्रभावित करने के उद्येश्य से लिखा जाता है |
2. **<u>अनौपचारिक संदेश</u>**–अनौपचारिक संदेश या व्यक्तिगत संदेश अपने परिजनों,किसी करीबी को कोई सूचना देने के लिए लिखा जाता है | (मित्र,रिश्तेदार एवं परिजन आदि|)

- **संदेश लेखन के प्रकार** –
  - शुभकामना व बधाई संदेश
  - पर्व त्यौहार पर दिए जाने वाले संदेश
  - शोक संदेश
  - व्यक्तिगत संदेश
  - समाजिक संदेश
  - मिश्रित संदेश

❖ **शुभकामना व बधाई संदेश -** यह संदेश मुख्य रूप से किसी व्यक्ति के जन्मदिन,सालगिरह,सफलता,कर्मचारियों की पदोन्नति होने पर भेजे जाने वाले संदेश को शुभकामना संदेश कहते हैं |

❖ **पर्व त्यौहार पर दिए जाने वाले संदेश-** इस तरह के संदेश विशेष पर्वों व त्यौहारों के समय लोग एक दूसरे को भेजते हैं | जैसे – दीपावली,होली,रमजान,ईद,क्रिसमस व स्वतन्त्रता दिवस आदि पर दिए जाने वाला संदेश |

❖ **शोक संदेश-** ऐसे संदेश किसी व्यक्ति की पुण्यतिथि या मृत्यु पर लोगो को भेजे जाते हैं |

❖ **व्यक्तिगत संदेश-** परिजनों को बधाई व शुभकामना,कहीं आने-जाने का संदेश या किसी अन्य तरह का संदेश जो सिर्फ परिजनों को दिया जाता है |

❖ **सामाजिक संदेश-** धार्मिक या सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़े आयोजनों के सन्दर्भ में दिए जाने वाले संदेश| जैसे-बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ,जल सरंक्षण व पर्यावरण दिवस आदि पर

❖ **मिश्रित संदेश-** मिश्रित संदेश में जैसे वर्तमान समय में चल रही कोरोना महामारी,डेंगू,मलेरिया,बाढ़,भूकंप या देश से जुड़ा कोई और संदेश |

- **<u>संदेश लेखन से सम्बन्धित कुछ महत्वपूर्ण बातें</u>** –
  - संदेश लेखन करते समय सर्वप्रथम एक बॉक्स बनाएं,बॉक्स के भीतर ही संदेश लिखें |
  - सबसे ऊपर बीच में संदेश का शीर्षक लिखें | उसके नीचे बाई ओर दिनांक और इसी के समानांतर यानी इसी के सीध में दाई ओर समय अवश्य लिखें |
  - जहाँ दिनांक लिखेंगे उसके नीचे, जिसे संदेश लिखना है उसका संबोधन(प्रिय मित्र,प्यारे देशवासियों आदि) लिखकर संदेश लिखना प्रारम्भ करेंगे |
  - अंत में बाई ओर सबसे नीचे संदेश लिखने वाले का नाम लिखा जाना चाहिए |
  - संदेश की विषयवस्तु 30-40 शब्दों में होनी चाहिए |
  - संदेश स्पष्ट,कम से कम शब्दों में और सरल भाषा में लिखना चाहिए |
  - संदेश विषय से सम्बन्धित लिखें,व्यर्थ की बातों को लिखने से बचें|
  - यदि कविता,श्लोक,दोहे,शायरी की आवश्यकता हो तो प्रयोग कर सकते हैं |
  - **अंक विभाजन** –

| | | |
|---|---|---|
| रचनात्मक प्रस्तुति | - | 2 अंक |
| विषयवस्तु | - | 2 अंक |
| भाषा | - | 1 अंक |

**प्रारूप –**

**संदेश**

दिनांक ........ समय ........

संबोधन....

............................................................................................................................................................................................................................................................................................................

.........

अपना नाम ...............

**उदाहरण –**

- **सम्पूर्ण लॉकडाउन लगने पर प्रधानमंत्री का देशवासियों के नाम संदेश लिखिए |**

**संदेश**

दिनांक : 21/01/2021 समय: रात्रि 09:00बजे

मेरे प्यारे भाइयों और बहनों,

आज रात 12 बजे से कोरोना महामारी से बचाव हेतु पूरे देश में सम्पूर्ण लॉकडाउन लागू होने जा रहा है |सम्पूर्ण लॉकडाउन के दौरान जरुरी सेवाएँ जारी रहेंगी|21 दिन का लॉकडाउन लंबा समय है,लेकिन आपके और आपके परिवार के रक्षा के लिए,उतना ही महत्वपूर्ण है|

लॉकडाउन का पालन करें सुरक्षित रहें |

प्रधानमंत्री(नाम)

- **अपने पुत्र को जन्मदिन की शुभकामनाएँ देते हुए 30-40 शब्दों में एक संदेश लिखिए |**

**जन्मदिवस की शुभकामनाएँ**

*"तुम जियो हजारों साल*

*साल के दिन हो पचास हजार"*

दिनांक : 21/01/2021 समय : सुबह 9 बजे

प्रिय पुत्र महेश आपको जन्मदिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ |

आप दीर्घायु हो,स्वस्थ रहें और जीवन में निरंतर उन्नति के मार्ग पर अग्रसर रहें| यही मेरी ईश्वर से प्रार्थना है| जीवन में समय को सदैव महत्व देना|

ढेर सारे स्नेह,आशीर्वाद के साथ तुम्हारा पिता

- **अपने दादा जी के निधन पर 30-40 शब्दों में एक संदेश लिखिए |**

**शोक संदेश**

दिनांक : 21जनवरी 2021 समय : प्रातः09:00 बजे

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे दादा जी का निधन दिनांक 19/01/2021 को हो गया | ब्रम्हभोज दिनांक 27/01/2021 को होना निश्चित हुआ है |

ब्रम्हभोज में उपस्थित होकर दादा जी की आत्मा को शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करें |

शोक संतप्त

क ख ग

- **वसंत पंचमी के अवसर पर अपने मित्र को बधाई संदेश लिखिए |**

**वसंत पंचमी**

दिनांक : 21/01/2021 समय :प्रातः07:00 बजे

प्रिय मित्र राम,

लेके मौसम की बहार आया वसंत ऋतु का त्यौहार|आओ हम सब मनाएँ दिल में भरकर उमंग और प्यार,मुबारक हो वसंत पंचमी का त्यौहार |

तुम्हारा मित्र

श्याम

- **कोरोना महामारी से बचाव हेतु मित्र को संदेश लिखिए |**

**संदेश**

दिनांक : 21/01/2021 समय: दोपहर 1 बजे

प्रिय मित्र दीपक

- **अभ्यास प्रश्न** –
  - ❖ अपने मित्र के भारतीय टीम में चयन होने पर शुभकामना संदेश 30-40 शब्दों में लिखिए|
  - ❖ आपकी माँ घर पर नहीं है और आपको बाहर मित्र के घर जाना है | अपनी माँ को 30-40 शब्दों में संदेश लिखिए |
  - ❖ होली के त्यौहार पर मित्र को शुभकामना देते हुए 30-40 शब्दों में एक संदेश लिखिए|
  - ❖ नववर्ष की शुभकामना देते हुए 30-40 शब्दों में एक संदेश लिखिए |
  - ❖ प्राचार्य जी द्वारा कोविड-19 महामारी के कारण विद्यालय बंद रहने हेतु 30-40 शब्दों में संदेश लिखिए |